भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1114
गुरुवार, दिनांक 08 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना</u>

1114. श्री संजय काका पाटीलः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूलों के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत प्राप्त और स्वीकृत आवेदनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत सौर पीवी मॉड्यूलों के विनिर्माण के लिए कोई लक्ष्य यदि कोई है, निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने आयात को कम करने में इस योजना के प्रभाव का आकलन किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क): उच्च दक्षता सौर फोटोवोल्टेक (पीवी) मॉड्यूलों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के ट्रांश-I और ट्रांश-II के अंतर्गत सफल बोलीदाताओं के ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ख): उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के तहत, देश में 48,337 मेगावाट की पूर्ण/आंशिक रूप से एकीकृत सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता की स्थापना के लिए आवंटन पत्र (लेटर ऑफ अवार्ड) जारी किए गए हैं।

(ग) तथा (घ): उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत आवंटित की गई पूर्ण/आंशिक रूप से एकीकृत सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमताओं की चालू होने की निर्धारित तिथि अक्टूबर, 2024 से अप्रैल, 2026 तक हैं। अब तक, उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के तहत चार कंपनियों ने सौर पीवी मॉड्यूलों का आंशिक उत्पादन शुरू कर दिया है। अतः अब तक आयातों को कम करने के प्रभाव का कोई आकलन नहीं किया गया है।

अनुलग्नक

"सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना" के संबंध में पूछे गए दिनांक 08.02.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1114 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के भाग-I के अंतर्गत सफल बोलीदाताओं का विवरण

बोलीदाताओं की रैंकिंग	बोलीदाता का नाम	एकीकरण का स्तर	प्रस्तुत बोली के अनुसार पात्र पीएलआई (करोड़ रु.)	निर्माण क्षमता (मेगावाट में)
1	शिरडी सांई इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	पॉलीसिलिकॉन + इनगोट्स-वेफर्स + सोलर सेलों + मॉड्यूलों का विनिर्माण	1,875	4,000
2	रिलायन्स न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड		1,917	4,000
3	अडानी इन्फ्रास्ट्रक्टर प्राइवेट लिमिटेड		663	737
कुल			**4,455**	**8,737**

उच्च दक्षता के सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के भाग-II के अंतर्गत सफल बोलीतादाओं का ब्यौरा

बास्केट-1 (पी+डब्ल्यू+सी+एम)			
बोलीदाताओं की रैंकिंग	बोलीदाता का नाम	प्रस्तुत बोली के अनुसार पात्र पीएलआई (करोड़ रु. में)	विनिर्माण क्षमता (मेगावाट)
1	इंडोसोल सोलर प्राइवेट लिमिटेड	3300	6000
2	रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड	3098.04	6000
3	एफएस इंडिया सोलर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड	1177.573	3400
कुल		7575,613	15400
बास्केट-2 (डब्ल्यू+सी+एम)			
बोलीदाताओं की रैंकिंग	बोलीदाता का नाम	जारी पीएलआई राशि (करोड़ रु. में)	विनिर्माण क्षमता (मेगावाट)
1	वारी एनर्जीज लिमिटेड	1923.24	6000
2	अवाडा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड	961.62	3000
3	रीन्यू सोलर (शक्ति फोर) प्राइवेट लिमिटेड	1538.592	4800
4	जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड	320.54	1000
5	ग्रेव एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	566.71	2000
कुल		5310.702	16800

बास्केट-3 (सी+एम)			
बोलीदाताओं की रैंकिंग	बोलीदाता का नाम	जारी पीएलआई राशि (करोड़ रु. में)	विनिर्माण क्षमता (मेगावाट)
1	विक्रम सोलर लिमिटेड	528.54	2400
2	एएमपीआईएन सोलर वन प्राइवेट लिमिटेड	139.72	1000
3	टीपी सोलर लिमिटेड	383	4000
कुल		1051.26	7400
पीएलआई भाग-II के तहत आवंटित कुल पीएलआई			13937.575 करोड़ रु.
पीएलआई भाग-II के तहत आवंटित कुल विनिर्माण क्षमता			39600 मेगावाट

नोट: पी+डब्ल्यू+सी+एम: पॉलीसिलिकॉन + इनगोट्स-वेफर्स + सोलर सेलों + मॉड्यूलों का विनिर्माण अथवा थिन फिल्म संयंत्र के लिए पूर्णतः एकीकृत विनिर्माण अथवा अन्य किसी प्रौद्योगिकी का पूर्णतः एकीकृत संयंत्र

डब्ल्यू+सी+एम: इनगोट्स-वेफर्स + सोलर सेलों + मॉड्यूलों का विनिर्माण अथवा अन्य किसी प्रौद्योगिकी का समतुल्य स्तरीय एकीकरण

सी+एम: इनगोट्स-वेफर्स + सोलर सेलों + मॉड्यूलों का विनिर्माण अथवा अन्य किसी प्रौद्योगिकी का समतुल्य स्तरीय एकीकरण

*****